**तत्काल**
**रिक्ति परिपत्र**

सं. 36/1/2008-पीआर
भारत सरकार
जल संसाधन मंत्रालय
(परियोजना स्कंध)

----

कक्ष सं. 625, श्रमशक्ति भवन,
रफी मार्ग, नई दिल्ली
दिनांक : 06.01.2009

सेवा में,

**विषय: नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण (एनसीए), इंदौर में प्रतिनियुक्ति आधार पर सदस्य (विद्युत) के पद पर नियुक्ति ।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नर्मदा जल विवाद अधिकरण (एनडब्ल्यूडीटी) के निर्णयों और निर्देशों के कार्यान्वयन का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयोजन से भारत सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ इस मंत्रालय के तहत स्वायत्त अस्तित्व वाले नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण (एनसीए) की स्थापना की है । वर्तमान में एनसीए इंदौर में मुख्यालय के साथ कार्य कर रहा है ।

2. वर्तमान पदधारक के कार्यकाल के पूरा होने के परिणामस्वरूप एनसीए में सदस्य (विद्युत) का पद दिसम्बर, 2008 में रिक्त हो जाएगा । एनसीए में सदस्य (विद्युत) के पद का वेतनमान 18400-500-22400/- रूपए (संशोधन-पूर्व) है । इस पद को नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, पक्षकार राज्यों गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के अतिरिक्त अन्य राज्यों के अधिकारियों सहित केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/ मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं/अर्द्ध सरकारी/ स्वायत्त/सांविधिक संगठनों के तहत कार्यरत और पात्रता मानदंड पूरे करने वाले अधिकारियों में से बाह्य सेवा पर प्रतिनियुक्ति पर (अल्पकालीन अनुबंध सहित) नियुक्ति द्वारा भरे जाने का प्रस्ताव है जैसा कि अनुलग्नक-I में दिया गया है । नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण में सदस्य (विद्युत) के लिए कार्य का विवरण और कर्त्तव्य अनुलग्नक-II पर दिये गए हैं ।

3. चुने गए अधिकारी को विदेश सेवा पर प्रतिनियुक्ति पर माना जाएगा और उसके वेतन को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर संशोधित दिनांक 29.4.1988 के का. ज्ञा.सं. 2/12/89-स्था. (वेतन-II) में शामिल प्रावधानों के अनुसार विनियमित किया जाएगा । राज्य सरकार के अधिकारियों जिनके वेतनमान 1.1.73 के पश्चात संशोधित किए गए हैं, के संबंध में उनके वेतनमान और भत्ते, अन्य बातों के साथ-साथ, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के दिनांक 26.12.1984 के का.ज्ञा.सं. 1/4/84-स्था. (वेतन-II) अथवा किसी अनुवर्ती आदेश जिसे सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किया गया हो, के द्वारा शासित किए जाएंगे ।

4. यह अनुरोध किया जाता है कि उपयुक्त और इच्छुक अधिकारियों, जो कि पात्रता मानदंड को पूरा करते हों और चयन की स्थिति में जिन्हें कार्यमुक्त किया जा सकता हो, के नाम संलग्न प्रपत्र (अनुलग्नक-III) में उनके विस्तृत जीवनवृत्त (आठ प्रतियां) और पिछले पांच वर्ष के गोपनीय रिपोर्ट डोजियर सहित इस मंत्रालय को प्रेषित किया जाए । गोपनीय रिपोर्ट डोजियर सहित आवेदन पत्र इस मंत्रालय को तत्काल और रोजगार समाचार में उक्त पद के लिए दिए गए विज्ञापन के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर पहुंच जाना चाहिए ।

5. कृपया इस बात की पुष्टि की जाए कि एनसीए में विचाराधीन पद पर नियुक्ति के लिए जिन अधिकारियों के आवेदन इस मंत्रालय को अग्रेषित किए जाते हैं उनके विरूद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासनिक मामला न तो लंबित है और न ही चलाए जाने पर विचार किया जा रहा है । कृपया यह भी नोट किया जाए कि ऐसे किसी भी अधिकारी की अभ्यर्थिता पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा जिनकी पिछले 5 वर्ष की गोपनीय रिपोर्टें, सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, कोई दंड नहीं विवरण संलग्न प्रपत्र (अनुलग्नक-IV,V एवं VI) में और विवरण संलग्न प्रपत्र (आठ प्रतियां) में निर्धारित तारीख तक इस मंत्रालय में प्राप्त नहीं होते हैं ।

भवदीय

**संलग्नक : यथोक्त**

अ. कु. सूरी

(ए.के. सूरी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 23714350

अनुलग्नक-I

**नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण (एनसीए), इंदौर में प्रतिनियुक्ति आधार पर सदस्य (विद्युत) के पद पर नियुक्ति संबंधी पात्रता मानदंड**

1. **पात्रता**

(क) (i)मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर 18400-500-22400/- रूपये के वेतनमान में मुख्य अभियंता अथवा समतुल्य पद के पदधारी; अथवा

(ii) ग्रेड में 2 वर्ष की नियमित सेवा सहित मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर 16400-20000/- रूपए के वेतनमान में मुख्य अभियंता (स्तर-II) अथवा समतुल्य पद के पदधारी; अथवा

(iii) ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा सहित मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर 14300-18300/- रूपये के वेतनमान में अधीक्षण अभियंता/निदेशक अथवा समतुल्य पद के पदधारी; और

(ख) अधिकारी के पास नीचे दी गई योग्यताएं और अनुभव होने चाहिए :-

**अनिवार्य**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत अभियांत्रिकी में डिग्री अथवा समतुल्य ।

(ii) अधिकारी के पास सिंचाई/विद्युत क्षेत्र में बड़ी, वृहद और बहुउद्देश्यीय नदी घाटी परियोजनाओं की आयोजना, तैयारी और निष्पादन में कुल मिलाकर कम से कम 5 वर्ष का अनुभव तथा साथ ही प्रशासनिक कुशलता होनी चाहिए ।

**वांछनीय**

अंतर्राज्यीय समस्याओं संबंधी कार्यों को देखने का अनुभव ।

**टिप्पणी 1 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालीन अनुबंध सहित) केन्द्र सरकार के इसी अथवा किसी अन्य संगठन/ विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यत: 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी । प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

**टिप्पणी 2 :** अधिकारी को लाभग्राही राज्यों अर्थात गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के अतिरिक्त अन्य राज्यों से होना चाहिए ।

**टिप्पणी 3 :** 2 वर्ष की नियमित सेवा सहित 16400-450-20000/- रूपये के वेतनमान में मुख्य अभियंता (स्तर-II) की श्रेणी अथवा समतुल्य पदों तथा 3 वर्ष की नियमित सेवा सहित 14300-400-18300/- रूपये के वेतनमान में अधीक्षण अभियंता/निदेशक अथवा समतुल्य पद तथा उपरोक्त योग्यताओं और एनसीए में अनुभव वाले अधिकारियों के नाम पर एनसीए में सदस्य (विद्युत) के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा और उपयुक्त पाए जाने पर इस पद को पदोन्नति द्वारा भरा हुआ माना जाएगा ।

*****

अनुलग्नक-II

**नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण (एनसीए) में सदस्य (विद्युत) के पद के लिए कार्य का विवरण और कर्तव्य**

सदस्य (विद्युत), एनसीए नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण का एक पूर्णकालिक स्वतंत्र सदस्य होता है और कार्यकारी सदस्य एनसीए को रिपोर्ट करता है। वह जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित नर्मदा जल स्कीम के अनुसार नर्मदा जल विवाद अधिकरण (एनडब्ल्यूडीटी)/एनसीए के निर्णयों की अनुपालना को सुविधाजनक बनाने के लिए सरदार सरोवर परियोजना कॉम्पलेक्स के विद्युत घटक से संबंधित विभिन्न मामलों के लिए उत्तरदायी होता है। सरदार सरोवर परियोजना से विद्युत के सृजन एवं वितरण की मानीटरी के उद्देश्य से स्थपित एनसीए का ऊर्जा प्रबंधन केन्द्र उनके समग्र पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करता है। वह नर्मदा जल स्कीम के कार्यान्वयन के लिए समय-समय पर कार्यकारी सदस्य/प्राधिकारी द्वारा उन्हें सौंपे गए अन्य कार्यों के लिए भी उत्तरदायी होगा।

*****

अनुलग्नक-III

## जीवन वृत्त प्रपत्र

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में)
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में)
3. केन्द्र/राज्य सरकार नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख
4. शैक्षिक योग्यता
5. क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक तथा अन्य योग्यताएं रखते हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है तो इसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें )

| | योग्यताएं/अनुभव अपेक्षित | अधिकारी की योग्यताएं/अनुभव |
|---|---|---|
| अनिवार्य | (1) | |
| | (2) | |
| | (3) | |
| वांछित | (1) | |
| | (2) | |

6. कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि क्या आपके द्वारा की गई उपर्युक्त प्रविष्टियाँ पद की योग्यता की अपेक्षाओं को पूरी करती हैं
7. कालक्रमिक आधार पर रोजगार का विवरण दें । निम्न स्थान कम होने की दशा में आपके द्वारा यथा-हस्ताक्षरित एक अलग से कागज पर विवरण संलग्न करें ।

| कार्यालय/संस्था | धारित पद | कब से | कब तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति (ब्यौरेवार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप अर्थात् तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्ध-स्थायी अथवा स्थायी

9. क्या मौजूदा रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, कृपया उल्लेख करें :
(क) प्रारम्भिक नियुक्ति की तारीख
(ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि
(ग) मूल कार्यालय/संगठन जिससे संबंधित है उसका नाम

10. मौजूदा रोजगार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरा

कृपया, उल्लेख करें क्या निम्न के अंतर्गत कार्यरत हैं (संगत कॉलम के सामने नियोक्ता का नाम दर्शाये)
(क) केन्द्र सरकार
(ख) राज्य सरकार
(ग) स्वायत्त संगठन
(घ) सरकारी उपक्रम
(ङ) विश्वविद्यालय
(च) अन्य

11. कृपया, उल्लेख करें कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं तथा फीडर ग्रेड में हैं अथवा फीडर टू फीडर ग्रेड में हैं ।

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो जिस तारीख से संशोधन हुआ है उसका उल्लेख करें तथा संशोधन-पूर्व का वेतनमान भी दर्शायें ।

13. इस समय कुल मासिक परिलब्धियाँ

14. उपर्युक्त पद के लिए आपकी उपयुक्ता को समर्थित करने वाली अतिरिक्त जानकारी यदि कोई हो, का भी उल्लेख करें

(उपर्युक्त के साथ-साथ निम्न तथ्यों से संबंधित जानकारी भी दी जाए:
(i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से ऊपर और आगे का अनुभव)
(टिप्पणी : यदि यह स्थान कम रहे तो

अलग से कागज संलग्न करें) ।

15. कृपया, उल्लेख करें कि क्या आप प्रतिनियुक्ति आई.एस.टी.सी.)/ आमेलन/पुनर्नियोजन आधार केलिए आवेदन कर रहे हैं । (केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन कर्मचारी केवल "आमेलन" हेतु पात्र हैं : गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक संविदा के लिए पात्र हैं ।)

16. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं

17. टिप्पणी (उम्मीदवार संबंधित निम्नलिखित जानकारी का उल्लेख करें:
    - (i) अनुसंधान प्रकाशन तथा रिपोर्ट तथा विशेष प्रोजेक्ट
    - (ii) अवार्ड/छात्र-वृत्ति/अधिकारिक सराहना (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/ संस्थाओं के साथ संबंध और (iv) अन्य कोई जानकारी ।

(टिप्पणी: स्थान कम रहने पर अलग से कागज संलग्न करें)

---

मैंने इस रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ा है और मैं यह बात अच्छी तरह से जानता हूं कि इस पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से यथासमर्थित जीवन-वृत्त का मूल्यांकन किया जाएगा ।

---

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

दिनांक.................... पता......................

प्रतिहस्ताक्षर

.....................

....................

(नियोक्ता द्वारा मुहर सहित)

अनुलग्नक-IV

# सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र

--------------------------------------------- के सेवा के अभिलेख, जिनके नाम पर --------------------------------------- आधार पर ------------------------------------ में --------------------------------- के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जा रहा है, की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और उनकी सत्यनिष्ठा में किसी प्रकार का संदेह नहीं है ।

दिनांक :

हस्ताक्षर ----------------------------
पदनाम ----------------------------

अनुलग्नक-V

# कोई दण्ड नहीं प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि इस मंत्रालय के ------------------------------------- ---- पर पिछले 10 वर्ष के दौरान कोई बड़ा दण्ड/छोटा दण्ड नहीं लगाया गया।

दिनांक :

हस्ताक्षर ----------------------------

पदनाम ----------------------------

**अनुलग्नक-VI**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अधिकारी का नाम | |
| 2. | पदनाम | |
| 3. | नियुक्ति का वर्तमान स्थान | |
| 4. | प्रतिनियुक्ति पर है अथवा संगठन में से है | |
| 5. | सेवा जिससे संबंधित है | |
| 6. | क्या सेवा /पद, केन्द्रीय लोक सेवा/केन्द्रीय लोक पद/अखिल भारतीय सेवा से संबंधित है | |
| 7. | अधिवर्षिता की तारीख | |
| 8. | वर्तमान पद और वेतन-मान का स्तर/समूह | |
| 9. | नियुक्ति/अनुशासन प्रधिकारी | |
| 10. | निम्न के संबंध में सतर्कता अनापति की आवश्यकता है: | (कृपया संबंधित कॉलम को चिन्हित करें)<br><br>(क) सूची में नाम लिखना (पदोन्नति आदि)<br>(ख) प्रतिनियुक्ति (आंतरिक अथवा विदेश)<br>(ग) नियुक्ति<br>(घ) प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कार्य सौंपना<br>(ङ) अनिवार्य प्रशिक्षण<br>(च) केवल पासपोर्ट प्राप्त करना<br>(छ) बाह्य कार्य के लिए आवेदन अग्रेषित करना<br>(ज) ऐच्छिक सेवानिवृत्ति<br>(झ) ऊपर शामिल नहीं किए गए अन्य उद्देश्य के लिए |
| 11. | जिस उद्देश्य के लिए सतर्कता अनापत्ति मांगा गया है उसका ब्यौरा | उपरोक्त के अनुसार |
| 12. | क्या संबंधित संगठन के अधिकारी और/अथवा संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण से सतर्कता स्थिति प्राप्त की गई है | |
| 13. | क्या अधिकारी को कभी निलंबित किया गया है | नहीं |
| 14. | क्या अधिकारी पर पूर्व में कोई दंड लगाया गया है (केवल उसी मामले में भरा जाना है जहां अधिकारी ने मंत्रालय में अन्य विभाग से आकर पद संभाला है अथवा पिछले 5 वर्षों के दौरान कोई दंड लगाया गया है) | |

अधिकारी के हस्ताक्षर.........................

दिनांक..........................................

दूरभाष सं......................................